# Information/Instructions for applying Solar Water Pumping Systems (2025-26)

हरियाणा सरकार के सरल पोर्टल saralharyana.gov.in पर प्रधानमंत्री कुसुम योजना के अंतर्गत हरियाणा के किसानों के लिए 12 श्रेणियों के लगभग 8050 सोलर पम्प लगवाने हेतू नए आवेदन 25.12.2025 से 29.12.2025 तक आमंत्रित किए जा रहें। इच्छुक किसान सरल पोर्टल (saralharyana.gov.in) पर जाकर अपनी आवश्यकतानुसार सोलर पंप की क्षमता एवं प्रकार का चयन करके अपनी पसंद की कम्पनी चुने और लाभार्थी हिस्सा जमा करवायें। इस बारे में आवश्यक सूचना निम्नलिखित हैः–

<u>**आवश्यक जानकारीः–**</u>

1. किसान 75 प्रतिशत अनुदान राशि पर 3 एच.पी. से 10 एच.पी. के उपलब्ध श्रेणी के सोलर पम्प के लिए आवेदन कर सकते है।
2. बिजली आधारित कनैक्शन (UHBVN/DHBVN) के मौजूदा आवेदकों को सौर ऊर्जा पम्प के कनैक्शन के लिए प्राथमिकता दी जाएगी, बशर्तें उनको अपने मौजूदा बिजली कनैक्शन का समर्पण (surrender) करना पड़ेगा।
3. वर्ष 2019 से 2023 तक के मौजूदा किसान जिन्होनें 1 एच.पी. 10 एच.पी. बिजली आधारित कृषि टयूबवैल के लिए DISCCOMs (UHBVN/DHBVN) में आवेदन किया था उन्हें पी.एम.कुसुम योजना के तहत उन्हें सोलर पम्प कनेक्शन में प्राथमिकता दी जायेगी ।
4. इस वर्ष के लक्षित लाभार्थीयों का चयन परिवार की वार्षिक आय व भूमि धारण (land holding) के आधार पर किया जाएगा।
5. किसान अपने खेत के साईज, पानी के लेवल और पानी की जरूरत के अनुसार टाईप और पम्प का चयन करें।
6. किसान को अपने खेत में केवल बोर करवा कर देना होगा बाकि पंप स्थापना का कार्य फर्म द्वारा किया जाएगा।
7. **प्रतीक्षा सूची में मौजूद पुराने सभी आवेदकों (संलग्न सूची के अनुसार) को सलाह दी जाती है कि यदि वे अपने मौजूदा सोलर पम्प के प्रकार व क्षमता को बदलना चाहते हैं और नई उपलब्ध 12 श्रेणियों में से किसी सोलर पम्प को लेना चाहते हैं तो वे उसी फैमली आईडी का उपयोग करते हुए नया आवेदन जमा करें। आवेदकों को केवल अपनी पसंद के अनुसार उपलब्ध श्रेणी के सोलर पम्प के प्रकार और क्षमता का चयन करें तथा चयनित श्रेणी में नए सूचीबद्ध किए गए विक्रेताओं में से किसी एक विक्रेता का चयन करें। इन आवेदकों को उतपन्न हुए चालान के अनुसार अपने लाभार्थी हिस्से को जमा करने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि उनका लाभार्थी हिस्सा पहले से ही विभाग के पास मौजूद है।यदि कोई आवेदक निर्धारित अवधि में नया आवेदन जमा नहीं करता है और किसी आवंटित रद्द किसान की जगह उसका आवंटन नहीं होता है तो उसके द्वारा जमा लाभार्थी हिस्सा वापिस कर दिया जाएगा।**

<u>**पात्रता एवं आवश्यक दस्तावेजः–**</u>

1. परिवार पहचान पत्र(PPP)।
2. आवेदक के परिवार (PPP) के नाम पर सोलर का कनैक्शन न हो।
3. आवेदक के नाम पर बिजली आधारित पंप न हों।
4. आवेदक के नाम पर कृषि भूमि की जमाबन्दी/फर्द।
5. हरियाणा जल संसाधन प्राधिकरण के सर्वेक्षण के अनुसार उन गांवों में जहां भूजल स्तर 100 फीट से नीचे चला गया है सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली की स्थापना अनिवार्य है, अन्य को भूमिगत पाईपलाइन (Underground Pipeline) या सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली को लगाना अनिवार्य होगा।
6. धान उगाने वाले किसान जिनके क्षेत्र में HWRA की रिपोर्ट के आधार पर भूजल स्तर 40 मीटर से नीचे गिर गया है वह किसान इस योजना के पात्र नहीं है।
7. सोलर पम्प की स्कीम 2025–26 की नियम व शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिए विभाग की वेबसाईट (http://hareda.gov.in) पर जाए।
8. वर्ष 2019 से 2023 तक के मौजूदा किसान जिन्होनें 1 एच.पी. 10 एच.पी. बिजली आधारित कृषि टयूबवैल के लिए DISCCOMs (UHBVN/DHBVN) में आवेदन किया था वे पी.एम.कुसुम योजना के तहत सोलर पम्प कनेक्शन में प्राथमिकता के लिए अपने बिजली आधारित कृषि टयूबवैल की आवेदन संख्या https://saralharyana.gov.in पर अपने आवदेन के साथ दर्ज करें ।

## <u>पम्प स्थापित करने के लिए पम्प व कंपनी का चयन करने की प्रकिया</u>

- https://saralharyana.gov.in/वेबसाईट पर जाकर किसान को सरल पोर्टल की प्रक्रिया के अनुसार लॉग–इन करना है।
- इसके बाद किसान अपनी फैमली आईडी डालकर मैम्बर आईडी चुनने के बाद ओ.टी.पी. से सत्यापित करना है ।
- इसके बाद आवेदक को अपनी जरूरत अनुसार सोलर पम्प की क्षमता का चयन करना है तथा अपने सोलर पम्प को स्थापित करने के लिए अपनी पसंद अनुसार केवल एक कम्पनी का चयन करना है।
- इसके उपरांत फार्म जमा करने पर आपको एक चालान प्राप्त होगा जिसमें लाभार्थी हिस्सा जमा करने के लिए एक **virtual account नम्बर लिखा होगा जोकि हर आवेदक का अलग होता है** । इसके उपरांत आप अपना लाभार्थी हिस्सा इस virtual account में NEFT/RTGS से किसी खाते से या बैंक में जाकर जमा करवाना होगा ।
- अपने रिकार्ड के लिए लाभार्थी हिस्सा जमा करवाने का प्रमाण अपने साथ रखें ।
- आपको अपनी जमीन की फरद, जमा किये गये लाभार्थी हिस्से का प्रमाण सर्वे के समय चयनित कम्पनी को देना होगा ।
- जिसके बाद विभाग द्वारा सभी कम्पनियों को किसान के चयन अनुसार कार्य आदेश जारी कर दिए जाएगें। यदि किसान द्वारा चयनित कम्पनी का चयन उसकी तय मासिक क्षमता से अधिक हो या उसका कार्यान्वयन क्षमतानुसार न हो या उसकी अधिकतम अनुमत सीमा से अधिक हुआ हो तो ऐसी परिस्थिति में महानिदेशक, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग व हरेडा को आवेदक द्वारा चयनित फर्म को बदलने का अधिकार होगा।

**अन्य दिशानिर्देश**

- सबसे पहले किसान के खेत में कम्पनी की तरफ से सर्वें किया जाएगा। सर्वे के समय किसान ध्यानपूर्वक अपने पम्प के हैड का चयन करें और सर्वें फार्म पर हस्ताक्षर करें। क्योंकि एक पम्प के तीन प्रकार के हेड होते है जिनमें पानी की निकासी हेड अनुसार अलग–अलग होती है। यदि पम्प लगने के बाद किसान अलग हेड का पम्प बदलता है तो उसकी कीमत किसान को वहन करनी होगी।
- पम्प लगने से पहले किसान को खेत में अपने खर्चें पर बोंरिंग करवा कर देनी होगी तथा उस बोर की अच्छी तरह से कैविटी की गई हो।
- कन्ट्रोलर पम्प को सोलर पावर से चलाने का काम करता है। दो प्रकार के कन्ट्रोलर के साथ सोलर पम्प दिए जा रहे है। Normal Controller केवल पम्प को चलाता है और Universal Solar Power Controller (USPC) जब पम्प नहीं चल रहा हो तब बाकि कृनि उपकरणों (3-Phase) को चला सकता है। परन्तू USPC Controller पर कोई सबसीडी नहीं है और इसके लगाने में जो अतिरिक्त राशि लगती है वो किसान को देनी होगी। किसान आवेदन में Controller का चयन करें।
- सभी कम्पनीयों के पैनल स्ट्रक्चर के डिज़ायन अलग–अलग हो सकते है जो कि आई.आई.टी. जैसे संस्थानों से मान्यता प्राप्त है। इसीलिए किसान पैनल स्ट्रक्चर के डिज़ायन को लेकर भ्रमित न हो। ऐसी स्थिति में किसान कम्पनी से उनके पैनल स्ट्रक्चर के डिज़ायन के सर्टीफिकेट की मांग कर सकता है।
- किसान अपनी देखरेख में पम्प की स्थापना करवाएं। स्थापना के दौरान किसी प्रकार की संशय की स्थिति में किसान कम्पनी से पम्प स्थापना की ड्राईंग की मांग कर सकता है और अपने जिले के अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय में सम्पर्क कर सकता है।
- स्थापना करवाने के लिए किसान किसी भी प्रकार का खर्च वहन न करें तथा पम्प स्थापना के पूर्ण रूप से सन्तुष्ट होने पर ही किसान स्थापना प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर करें।
- किसान का पम्प 5 वर्ष के लिए वारंटी में आता है। पम्प के साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ करना पूर्ण रूप से निषेध है ऐसी स्थिति में पम्प की वारंटी समाप्त कर दी जाएगी।
- यह पम्प 5 वर्ष के लिए चोरी तथा प्राकृतिक आपदा से बीमा सुरक्षित है। पम्प लगने के बाद उसकी सुरक्षा सम्बन्धि पूर्ण जिम्मेवारी किसान की होगी। बीमा क्लेम की स्थिति में किसान को 7 दिन के अन्दर लिखित जानकारी आपके जिले के अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय, आपकी चयनित कम्पनी तथा बीमा कम्पनी में देनी होगी। चोरी के क्लेम की स्थिति में 7 दिन के अन्दर एफ.आई.आर दर्ज करवानी होगी।
- यदि किसान लगाए गए पम्प को अपनी जगह से स्थानांतरित करता है या उसको बेचता है या उसका दूरूपयोग करता है तो ऐसी स्थिति में किसान को सरकार द्वारा दी गई सब्सिडी राशि वापिस करनी होगी तथा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए एफ.आई.आर. दर्ज करवाई जाएगी।

सोलर पम्पिंग के लिए क्षमता के अनुसार फर्में और किसानों की देय राशि की सूची:—

| Sr. No. | Type and capacity of solar pump | Beneficiary share to be deposited | Name of Firms |
|---|---|---|---|
| 1 | **3 HP DC, Submersible with Normal Controller** | **₹46,891** | Alpex Solar Ltd |
| | | | AVI Renewable Energy Pvt. Ltd. |
| | | | C.R.I. Pumps Pvt. Ltd. |
| | | | Duke Pumping Solutions Private Limited |
| | | | Dynamech Electropower Private Limited |
| | | | Ecozen Solutions Pvt Ltd |
| | | | EMMVEE Photovoltaic Power Pvt. Ltd. |
| | | | Ethos Power Private Limited |
| | | | Galo Energy Private Limited |
| | | | GK Energy Marketers Private Limited |
| | | | Himalayan Solar Private Limited |
| | | | KSB Ltd. |
| | | | Oswal Pumps Limited |
| | | | PCI Wires Pvt Ltd |
| | | | Rotomag Enertec Ltd. |
| | | | Sadbhav Futuretech Pvt. Ltd. |
| | | | Shakti Pumps India Limited |
| | | | Solartive Techno Industries Pvt. Ltd. |
| | | | Sri Savitr Solar Pvt. Ltd. |
| | | | Surya International Enterprise Pvt. Ltd. |
| | | | Vtech Engineers |
| 2 | **3 HP DC, Submersible with Universal Solar Pump Controller** | **₹70,640** | Dynamech Electropower Private Limited |
| | | | Ecozen Solutions Pvt Ltd |
| | | | Oswal Pumps Limited |
| | | | Rotomag Enertec Ltd. |
| | | | Shakti Pumps India Limited |
| | | | Surya International Enterprise Pvt. Ltd. |
| 3 | **3 HP DC, Surface (Monoblock) with Universal Solar Pump Controller** | **₹66,371** | Dynamech Electropower Private Limited |
| | | | Ecozen Solutions Pvt Ltd |
| | | | Oswal Pumps Limited |
| | | | Rotomag Enertec Ltd. |
| | | | Shakti Pumps India Limited |
| | | | Surya International Enterprise Pvt. Ltd. |
| 4 | **5 HP DC, Submersible with Normal Controller** | **₹66,762** | Alpex Solar Ltd |
| | | | AVI Renewable Energy Pvt. Ltd. |
| | | | C.R.I. Pumps Pvt. Ltd. |
| | | | Duke Pumping Solutions Private Limited |
| | | | Dynamech Electropower Private Limited |
| | | | Ecozen Solutions Pvt Ltd |
| | | | EMMVEE Photovoltaic Power Pvt. Ltd. |
| | | | Ethos Power Private Limited |
| | | | Galo Energy Private Limited |
| | | | GK Energy Marketers Private Limited |
| | | | Himalayan Solar Private Limited |
| | | | KSB Ltd. |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | Oswal Pumps Limited |
| | | | PCI Wires Pvt Ltd |
| | | | Rotomag Enertec Ltd. |
| | | | Sadbhav Futuretech Pvt. Ltd. |
| | | | Shakti Pumps India Limited |
| | | | Solartive Techno Industries Pvt. Ltd. |
| | | | Sri Savitr Solar Pvt. Ltd. |
| | | | Surya International Enterprise Pvt. Ltd. |
| | | | Vtech Engineers |
| 5 | **5 HP DC, Surface (Monoblock) with Normal Controller** | **₹64,507** | Alpex Solar Ltd |
| | | | AVI Renewable Energy Pvt. Ltd. |
| | | | C.R.I. Pumps Pvt. Ltd. |
| | | | Duke Pumping Solutions Private Limited |
| | | | Dynamech Electropower Private Limited |
| | | | Ecozen Solutions Pvt Ltd |
| | | | EMMVEE Photovoltaic Power Pvt. Ltd. |
| | | | Ethos Power Private Limited |
| | | | Galo Energy Private Limited |
| | | | GK Energy Marketers Private Limited |
| | | | Himalayan Solar Private Limited |
| | | | KSB Ltd. |
| | | | Oswal Pumps Limited |
| | | | PCI Wires Pvt Ltd |
| | | | Rotomag Enertec Ltd. |
| | | | Sadbhav Futuretech Pvt. Ltd. |
| | | | Shakti Pumps India Limited |
| | | | Solartive Techno Industries Pvt. Ltd. |
| | | | Sri Savitr Solar Pvt. Ltd. |
| | | | Surya International Enterprise Pvt. Ltd. |
| | | | Vtech Engineers |
| 6 | **5 HP DC, Submersible with Universal Solar Pump Controller** | **₹98,661** | Dynamech Electropower Private Limited |
| | | | Ecozen Solutions Pvt Ltd |
| | | | Oswal Pumps Limited |
| | | | Rotomag Enertec Ltd. |
| | | | Shakti Pumps India Limited |
| | | | Sri Savitr Solar Pvt. Ltd. |
| | | | Surya International Enterprise Pvt. Ltd. |
| 7 | **5 HP DC, Surface (Monoblock) with Universal Solar Pump Controller** | **₹98,450** | Dynamech Electropower Private Limited |
| | | | Ecozen Solutions Pvt Ltd |
| | | | Oswal Pumps Limited |
| | | | Rotomag Enertec Ltd. |
| | | | Shakti Pumps India Limited |
| | | | Sri Savitr Solar Pvt. Ltd. |
| | | | Surya International Enterprise Pvt. Ltd. |
| 8 | **7.5 HP DC, Surface (Monoblock) with Normal Controller** | **₹86,080** | Alpex Solar Ltd |
| | | | AVI Renewable Energy Pvt. Ltd. |
| | | | C.R.I. Pumps Pvt. Ltd. |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | Duke Pumping Solutions Private Limited |
| | | | Dynamech Electropower Private Limited |
| | | | Ecozen Solutions Pvt Ltd |
| | | | EMMVEE Photovoltaic Power Pvt. Ltd. |
| | | | Ethos Power Private Limited |
| | | | Galo Energy Private Limited |
| | | | GK Energy Marketers Private Limited |
| | | | Himalayan Solar Private Limited |
| | | | KSB Ltd. |
| | | | Oswal Pumps Limited |
| | | | PCI Wires Pvt Ltd |
| | | | Rotomag Enertec Ltd. |
| | | | Sadbhav Futuretech Pvt. Ltd. |
| | | | Shakti Pumps India Limited |
| | | | Solartive Techno Industries Pvt. Ltd. |
| | | | Sri Savitr Solar Pvt. Ltd. |
| | | | Surya International Enterprise Pvt. Ltd. |
| | | | Vtech Engineers |
| 9 | **7.5 HP DC, Submersible with Universal Solar Pump Controller** | **₹131,595** | Dynamech Electropower Private Limited |
| | | | Ecozen Solutions Pvt Ltd |
| | | | Oswal Pumps Limited |
| | | | Rotomag Enertec Ltd. |
| | | | Shakti Pumps India Limited |
| | | | Sri Savitr Solar Pvt. Ltd. |
| | | | Surya International Enterprise Pvt. Ltd. |
| 10 | **7.5 HP DC, Surface (Monoblock) with Universal Solar Pump Controller** | **₹121,458** | Dynamech Electropower Private Limited |
| | | | Ecozen Solutions Pvt Ltd |
| | | | Oswal Pumps Limited |
| | | | Rotomag Enertec Ltd. |
| | | | Shakti Pumps India Limited |
| | | | Sri Savitr Solar Pvt. Ltd. |
| | | | Surya International Enterprise Pvt. Ltd. |
| 11 | **10 HP DC, Surface (Monoblock) with Normal Controller** | **₹109,924** | Alpex Solar Ltd |
| | | | AVI Renewable Energy Pvt. Ltd. |
| | | | C.R.I. Pumps Pvt. Ltd. |
| | | | Dynamech Electropower Private Limited |
| | | | Ecozen Solutions Pvt Ltd |
| | | | Ethos Power Private Limited |
| | | | Galo Energy Private Limited |
| | | | GK Energy Marketers Private Limited |
| | | | Himalayan Solar Private Limited |
| | | | Oswal Pumps Limited |
| | | | PCI Wires Pvt Ltd |
| | | | Rotomag Enertec Ltd. |
| | | | Sadbhav Futuretech Pvt. Ltd. |
| | | | Shakti Pumps India Limited |
| | | | Solartive Techno Industries Pvt. Ltd. |
| | | | Sri Savitr Solar Pvt. Ltd. |
| | | | Surya International Enterprise Pvt. Ltd. |
| | | | Vtech Engineers |

| 12 | **10 HP DC, Surface (Monoblock) with Universal Solar Pump Controller** | **₹165,717** | Dynamech Electropower Private Limited |
|---|---|---|---|
| | | | Ecozen Solutions Pvt Ltd |
| | | | Oswal Pumps Limited |
| | | | Rotomag Enertec Ltd. |
| | | | Shakti Pumps India Limited |
| | | | Sri Savitr Solar Pvt. Ltd. |
| | | | Surya International Enterprise Pvt. Ltd. |

## * INDICATIVE TECHNICAL SPECIFICATIONS OF SOLAR WATER PUMPIING SYSTEM

| PUMP TYPE AND CAPACITY | PV MODULE CAPACITY | MOTOR PUMP-SET TYPE | SHUTOFF DYANAMIC HEAD |
|---|---|---|---|
| 3HP(DC,Surface) | 2700Wp | 3HP with controller | 25.0metres |
| 3HP(DC, Submersible) | 3000Wp | 3HP with controller | 45.0metres |
| 3HP(AC, Submersible) | 3000Wp | 3HP with controller | 45.0metres |
| 5HP(DC,Surface) | 4800Wp | 5HP with controller | 45.0metres |
| 5HP(DC,Submersible) | 4800Wp | 5HP with controller | 70.0metres |
| 5HP(AC,Submersible) | 4800Wp | 5HP with controller | 70.0metres |
| 7.5HP(DC,Surface) | 6750Wo | 7.5HP with controller | 45.0meters |
| 7.5HP(DC,Submersible) | 6750WP | 7.5HP with controller | I00.0 meters |
| 7.5HP(AC,Submersible) | 6750WP | 7.5HP with controller | I00.0 meters |
| 10HP(DC,Surface) | 9000Wp | 10HP with controller | 45.0meters |
| 10 HP(DC,Submersible) | 9000Wp | 10HP with controller | 100.0meters |
| 10 HP(AC,Submersible) | 9000Wp | 10HP with controller | 100.0meters |

## * DISCHARGE TABLE OF SOLAR PUMPS WITH VARIOUS DYANAMIC HEADS

| SN | PUMP TYPE AND CAPACITY | MODULE CAPACITY(W) | DISCHARGE LITERS PER DAY AT VARIOUS HEAD (m) | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 30 | 50 | 70 | 100 | 150 |
| 1 | 3HP(DC, Submersible) | 3000 | 114000 | 69000 | 45000 | --- | ---- |
| 2 | 5HP(DC,Submersible) | 4800 | --- | 110400 | 72000 | 50400 | --- |
| 3 | 7.5HP(DC,Submersible) | 6750 | ---- | 155250 | 101250 | 70875 | --- |
| 4 | 10 HP(DC,Submersible) | 9000 | ---- | 207000 | 135000 | 94500 | --- |
| 5 | 3HP(AC, Submersible) | 3000 | 105000 | 63000 | 42000 | ----- | ------ |
| 6 | 5HP(AC,Submersible) | 4800 | ------ | 100800 | 67200 | 43200 | ------ |
| 7 | 7.5HP(AC,Submersible) | 6750 | ------ | 141750 | 94500 | 60750 | ----- |
| 8 | 10 HP(AC,Submersible) | 9000 | -------- | 189000 | 126000 | 81000 | ---- |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 3HP(DC,Surface) | 2700 | 297000 at 10m | 148500 at 20m | ---- | ----- | --- |
| 10 | 5HP(DC,Surface) | 4800 | 528000 at 10m | 264000 at 20m | 182400 at 30m | ----- | --- |
| 11 | 7.5HP(DC,Surface) | 6750 | 742500 at 10m | 371250 at 20m | 256500 at 30m | ------ | --- |
| 12 | 10HP(DC,Surface) | 9000 | 99000 at 10m | 495000 at 20m | 342000 at 30m | ----- | --- |

* Water output figures are on a clear sunny day with three times tracking of SPV panel, under the "Average Daily Solar Radiation" condition of 7.5 KWh/ sq.m. on the surface of PV array (i.e. coplanar with the PV Modules).

सोलर पंप की सम्पूर्ण तकनीकी विशिष्टताओं की जानकारी के लिए विभाग की वेबसाईट (http://hareda.gov.in) या MNRE की वेबसाईट mnre.gov.in पर जाएं।

**नोटः** अधिक जानकारी के लिए आप अपने जिले के अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय में परियोजना अधिकारी/सहायक परियोजना अधिकारी, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग एवं कार्यालय के दूरभाष न. 0172–3504085 पर प्रात 9:00 से 5:00 सांय बजे तक सम्पर्क कर सकते है।